Chapter- 1

नया साल

STUDY NOTES

MIND MAP



पाठ प्रवेश-

समय सदा एक सा नहीं रहता वह परिवर्तनशील है। जीवन-मूल्य शाश्वत है। मनुष्यता के प्रति सच्चा तथा मनुष्यता को श्रेष्ठ मानने वाले ही सज्जन है। बच्चों को अच्छे गुणों को अपनाकर अपने व्यक्तित्व को निखारना है।

'नया साल' कविता के माध्यम से बच्चों को प्रेरित किया गया है कि नया साल कुछ नई उमंगे लेकर आया है। जो समय बीत गया उसे छोड़कर बुराइयों को त्यागकर एक नए विश्वास के साथ आगे बढ़ें। प्रेम और करुणा को अपनाएं, जिससे सभी प्राणी सुखपूर्वक रह सकें। नया साल एक नया अहसास लेकर आया है। बच्चे रास्ते पर चलते हुए जितनी भी बाधाएं आएं उसे दूर कर आगे बढ़ना सीखे। हिम्मत रखकर दूसरों के दुख दर्द को दूर करें। सबके साथ भाईचारा तथा परस्पर सहयोग की भावना रखें। भेदभाव दूर जाए।कोई भी मजबूर न हो। सबकी इच्छाएं पूरी हों। सभी के दिलों में प्रेम भावना हो। सभी का जीवन सेभरपूर हो।

ODM EDUCATIONAL GROUP Changing your Tomorrow